श्री बंशीधर नगर सोमवार
08.06.2026
अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अष्टमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 285

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
झारखंड को नई दिशा देने के लिए उलगुलान की जरूरत >> पेज 03 डेजी शाह की नई फिल्म में वर्दी वाला अंदाज >> पेज 05

**सुविचार**

आप देखिए, जीवन में बहुत से लोग जानते हैं कि क्या करना है, लेकिन बहुत कम लोग वास्तव में वही करते हैं जो वे जानते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड में प्री-मानसून का असर तेज, ठेठईटांगर में 70.3 मिमी बारिश

**रांची।** झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने लगी हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश और बादलों की आवाजाही के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। इस दौरान सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर में सर्वाधिक 70.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में प्री-मानसून सिस्टम सक्रिय हो गया है, जिसके प्रभाव से मौसम का मिजाज बदला है। विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में इसका असर बना रहेगा। पिछले 24 घंटों में राज्य का सर्वाधिक तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकांश जिलों में गर्मी का प्रभाव कम हुआ है। मौसम विभाग ने 11 जून के लिए राज्य के उत्तर-पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में गर्जन, बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है।

**भाजपा** — नितिन नवीन ने झारखंड के कार्यकर्ताओं को दिया 2029 का टास्क

# 'झारखंड में इस बार कमल खिलाएंगे'

### रांची को बताया अपना दूसरा घर

बंशीधर न्यूज

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रांची को अपना दूसरा घर बताते हुए कहा कि वो इस बार झारखंड में भी कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार और बंगाल की तरह झारखंड के लोगों के मन में भी है कि उनके प्रदेश में कमल खिले। वे लोगों की इस इच्छा को पूरा करने को उत्सुक हैं। जब भी उन्हें अवसर मिलेगा, वे इसे पूर्ण करेंगे।

नितिन नवीन ने कहा कि लोगों को लग रहा है कि भाजपा ही झारखंड को सही दिशा दे सकती है। यहां पर विकास के द्वार खोल सकती है, क्योंकि पहले भी भाजपा ने यहां विकास के कई आयाम गढ़े हैं।




### 2029 को ध्यान में रखते हुए अभी से जुटें : नितिन

इसके पहले नितिन निवीन ने झारखंड भाजपा के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को वर्ष 2029 के चुनाव को लेकर टास्क दिया। नितिन नवीन ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से अभी से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में जुट जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा का संगठन जमीनी स्तर तक सशक्त होना जरूरी है।

नितिन नवीन ने अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के दूसरे दिन रविवार को रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों मोर्चा अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी सेल के प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

### पिछले चुनावों के अनुभवों से सीख लें कार्यकर्ता

उन्होंने कहा कि वर्तमान संगठनात्मक टीम का गठन 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है और यही टीम आगामी चुनावों का नेतृत्व करेगी। पिछले चुनावों के अनुभवों से सीख लेते हुए कार्यकताओं को अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा झारखंड का गढ़ थी, है और रहेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन विस्तार के लिए मंडल स्तर तक मोर्चों का गठन पूरा करने, प्रत्येक मंडल में सक्रिय कार्यकताओं की मजबूत टीम तैयार करने तथा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक नियमित बैठकों के आयोजन का निर्देश दिया। उन्होंने वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक संगठन से जोड़ने तथा पार्टी हित को सर्वोपरि रखने पर भी जोर दिया। >> पेज 2 भी देखें

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यकर्ता नये उत्साह और ऊर्जा के साथ संगठन विस्तार में अभी से जुटें।
>
> नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

# झारखंड राज्यसभा चुनाव: झामुमो व कांग्रेस के बीच तनातनी खत्म!

बंशीधर न्यूज

**रांची:** कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनावों में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों गठबंधन सहयोगी दलों के नेताओं के बीच एक बैठक में इस बाबत सहमति बन गई है। जेएमएम-कांग्रेस के बीच जो गलतफहमियां और तनातनी थी. वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर्यवेक्षक भुपेश बघेल के बीच हुई मुलाकात में खत्म हो गई और दोनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़ेंगी। रविवार देर शाम को इंडिया गठबंधन से सभी 56 विधायकों की सीएम आवास में बैठक हुई।

### संयुक्त ब्रीफिंग में किया ऐलान

रविवार शाम करीब आठ बजे जेएमएम की ओर से केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडे, कांग्रेस की ओर से विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, आरजेडी की ओर से मंत्री संजय प्रसाद यादव और भाकपा माले की ओर से सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मीडिया के सामने आये। चारों नेताओं ने महागठबंधन की बैठक में हुए फैसले पर जानकारी दी। संयुक्त ब्रीफिंग में ये कहा गया कि महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ राज्यसभा का चुनाव लड़ेगी और दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगी।



### बैद्यनाथ राम व प्रणव झा महागठबंधन के उम्मीदवार

जेएमएम की ओर से बैद्यनाथ राम और कांग्रेस की ओर से प्रणव झा महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। सोमवार को 11 बजे दोनों उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे। राज्यसभा चुनाव में सभी विधायक एकजुट होकर महागठबंधन के दोनों उम्मीदवार को जीताने का काम करेंगे। वहीं बीजेपी की ओर से उम्मीदवार की घोषणा नहीं करने और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में आने वाले परिमल नाथवाणी को लेकर जब विनोद पांडे से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि ये बीजेपी का अपना मामला है, वो किसे उम्मीदवार बनाती है या नहीं बनाती है। मुख्यमंत्री से परिमल नाथवानी के मुलाकात करने के सवाल पर विनोद पांडे ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री है। उनसे कोई भी मुलाकात कर सकता है। इस मुलाकात में क्या बात हुई ये परिमल नाथवाणी और मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं।

### छह उम्मीदवारों ने खरीदा है पर्चा

झामुमो के सह-संस्थापक शिबू सोरेन की मौत के बाद राज्यसभा की एक सीट खाली हो गई थी, जबकि दूसरी सीट भाजपा सांसद दीपक प्रकाश के 21 जून को छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद खाली होगी। झारखंड विधानसभा के एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि झामुमो के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा, आंध्र प्रदेश से राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी और भाजपा नेता गौरव वल्लभ समेत छह उम्मीदवारों ने शनिवार को नामांकन पत्र खरीदे।

### इंडिया गठबंधन के 56 सदस्य

झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के 56 सदस्य हैं, जिनमें झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के चार और भाकपा (माले) लिबरेशन के दो सदस्य हैं। राज्य विधानसभा में राजग के 24 विधायक हैं जिनमें भाजपा के 21 और लोजपा (रामविलास), आजसू तथा जदयू के एक-एक सदस्य हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के एक विधायक हैं।

### एनडीए विधायकों ने किये हस्ताक्षर, उम्मीदवार का नाम पता नहीं

झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए 8 जून को अंतिम तारीख है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की ओर से एक-एक प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया जा चुका है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभी तक अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। हालांकि भाजपा नेताओं की ओर से साफ किया गया है कि चुनाव में एनडीए का प्रत्याशी होगा और जीत भी होगी। राज्यसभा चुनाव को लेकर रविवार देर शाम को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए विधायकों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा के अलावा एनडीए के अन्य विधायक मौजूद थे। इस दौरान नामांकन का पर्चा खरीदने वाले भाजपा नेता गौरव वल्लभ भी मौजूद थे। लेकिन एनडीए विधायक उम्मीदवार का नाम नहीं बता सके।

### गौरव वल्लभ भाजपा कार्यालय में थे मौजूद



भाजपा विधायक अमित कुमार ने बताया कि अभी रात बाकी है, बात बाकी है, पार्टी की ओर से सोमवार सुबह तक उम्मीदवार का नाम बता दिया जाएगा। एनडीए की ओर से जो भी उम्मीदवार होगा, सभी विधायक समर्थन करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यालय में गौरव वल्लभ मौजूद थे, लेकिन वो पार्टी प्रत्याशी नहीं है।

### नामांकन की तैयारी पूरी

भाजपा विधायक नीरा यादव ने बताया कि एनडीए का उम्मीदवार होगा और चुनाव में जीत भी मिलेगी। लोजपा-आर विधायक जनार्दन पासवान ने बताया कि अभी चर्चा हो रही है, उम्मीदवार का फैसला जल्द ले लिया जाएगा। भाजपा विधायक मनोज यादव ने बताया कि अभी एनडीए उम्मीदवार के नामांकन की तैयारी चल रही है, जल्द ही सबकुछ साफ हो जाएगा।

**3 दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत**

# मुंगेर में संघ शिक्षा वर्ग में देंगे मार्गदर्शन

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन राव भागवत शनिवार दोपहर अपने तीन दिवसीय बिहार प्रवास पर पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया। पटना पहुंचने के बाद डॉ. भागवत शाम को मुंगेर के लिए रवाना होंगे, जहां वे 7 जून से 9 जून तक आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान उनका प्रमुख कार्यक्रम मुंगेर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज परिसर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होना है। संघ के इस प्रशिक्षण वर्ग में बिहार सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। संघ शिक्षा वर्ग को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों में माना जाता है। इस वर्ग में स्वयंसेवकों को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्र जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है।



डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे और उनसे संवाद भी करेंगे। संघ प्रमुख अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को संघ की विचारधारा, संगठन के आगामी कार्यक्रमों और शताब्दी वर्ष के आयोजनों के संबंध में जानकारी देंगे। साथ ही वे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में स्वयंसेवकों की भूमिका, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार साझा करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर देशभर में विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसी क्रम में स्वयंसेवकों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संवाद बढ़ाने तथा सेवा गतिविधियों को विस्तार देने पर भी जोर दिया जाएगा। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान डॉ. भागवत संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर सकते हैं, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, विस्तार योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा किए जाने की संभावना है। हालांकि आधिकारिक तौर पर बैठक के विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी साझा नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से संघ अपनी विचारधारा, सेवा गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यों को समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। बिहार दौरे को भी इसी व्यापक अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

# झारखंड दौरे के दूसरे दिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का रामगढ़ और बोकारो में भव्य स्वागत



रांची। झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का रांची से बोकारो जाते समय कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रामगढ़ और बोकारो जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, जयघोष और गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। यात्रा के क्रम में रामगढ़ के निर्मल महतो चौक और मांडू के छतरपुर में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद रामगढ़ जिले के गोला और चितरपुर तथा बोकारो जिले के पेटरवार, जैनामोड़ और नया मोड़ में भी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इन सभी स्थानों पर माहौल पूरी तरह संगठनात्मक जोश और उत्साह से भरा रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वर्गीय छत्रु राम महतो की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन व योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा और नारों के बीच संगठन के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में जनसैलाब जैसा माहौल बन गया।

इस अवसर पर झारखंड भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विधायक रौशन लाल चौधरी और पूर्व विधायक बिरंची नारायण सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली साइकिल जागरूकता रैली

रांची। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा ने विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल जागरूकता अभियान और साइकिल रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः रांची के मोरहाबादी से किया गया, जिसमें 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और सीए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और प्रदूषण मुक्त परिवहन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली में आईसीएआई रांची शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर हरित और स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया एवं आम नागरिकों को दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीए विवेक खोवाल, उपाध्यक्ष, आईसीएआई रांची शाखा, सीए दिलीप कुमार, सचिव, आईसीएआई रांची शाखा और सीए अभिषेक केडिया, कार्यकारिणी समिति सदस्य सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सीए दिलीप कुमार, सचिव, आईसीएआई रांची शाखा ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण का निर्माण कर सकते हैं।

**भाजपा** राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ प्रदेश को दिया लक्ष्य

# नितिन का संगठन की मजबूती पर जोर

रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने झारखंड भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का मंत्र देते हुए वर्ष 2029 के लक्ष्य को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश टीम का गठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों और वर्ष 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है तथा यही टीम भविष्य के चुनावी अभियान का नेतृत्व करेगी।



नितिन नवीन रविवार को अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रदेश मीडिया टीम, प्रवक्ता, सोशल मीडिया और आईटी सेल के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के साथ हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा झारखंड का मजबूत राजनीतिक आधार रही है और भविष्य में भी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बावजूद जनता के बीच भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन कायम है। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी जनता का भरोसा पूरी तरह जीतने में सफल नहीं रही, लेकिन अब निराशा को आशा में बदलने और संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का समय है।

नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसके करोड़ों सदस्य और लाखों सक्रिय कार्यकर्ता हैं। ऐसे में संगठन की ताकत को और प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ता और कार्यक्रम दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक नियमित मासिक बैठकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से सतत संवाद संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने शक्तिकेंद्र स्तर की बैठकों में बूथों की कमियों की समीक्षा कर उनके समाधान पर काम करने की बात कही।

भाजपा अध्यक्ष ने सभी मोर्चों का गठन मंडल स्तर तक पूरा करने और प्रत्येक मंडल में कम से कम 100 सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित करने का सुझाव दिया। साथ ही जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक संगठन से जोड़े रखें तथा लंबे समय से जुड़े कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें पुनः सक्रिय भूमिका में लाएं।

नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा में व्यक्ति से अधिक संगठन महत्वपूर्ण है। उन्होंने वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही संगठन मजबूत हो सकता है। उन्होंने जिला और मंडल कोर कमेटियों की नियमित बैठक सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यालय केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र नहीं होना चाहिए, बल्कि वह संगठनात्मक संवाद, विचार-विमर्श और कार्यकर्ता संपर्क का सक्रिय मंच बने। जिला अध्यक्षों को कार्यालयों को अधिक व्यवस्थित और सक्रिय बनाने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी स्तरों के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इस अभियान को गंभीरता से लेने तथा इसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शक्तिकेंद्र स्तर तक बैठकें आयोजित कर दैनिक रिपोर्टिंग व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया।

संगठन विस्तार के लिए नियमित प्रवास को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक सभी पदाधिकारियों को लगातार क्षेत्रीय दौरे करने और प्रत्येक तीन माह पर उसकी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही विचार परिवार से जुड़े संगठनों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ाने पर भी बल दिया।

नितिन नवीन ने प्रत्येक जिले में 500 प्रमुख प्रबुद्ध नागरिकों की सूची तैयार कर उनके साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका विचार और नेतृत्व है, जिसकी पहुंच बूथ स्तर तक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब संगठन मजबूत होगा और कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ जनता के बीच काम करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नए उत्साह, नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का राजनीतिक सफर भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संगठन में समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान और अवसर मिलता है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले भूपेश बघेल, राज्यसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



रांची। राज्यसभा चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को महत्वपूर्ण राजनीतिक गतिविधि देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान आगामी राज्यसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में गठबंधन की चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर मंथन हुआ। नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए संभावित चुनौतियों और अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। नेताओं ने गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने तथा चुनावी प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप साझा रणनीति तैयार करने पर भी सहमति बनी। बैठक में चुनावी गणित, विधायकों के बीच समन्वय और संगठनात्मक तैयारियों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। राज्यसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के भीतर एकजुटता बनाए रखने और सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण है। बैठक से यह संकेत मिला है कि गठबंधन के दल चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय हैं और जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से रणनीतिक स्तर पर काम शुरू कर चुके हैं।

### अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद में उमड़े श्रद्धालु

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम और श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में रविवार को 269वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। परम पूज्य डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री राधा-कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान को महाप्रसाद अर्पित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी, लीची शरबत, सत्तू पानी, शीतल जल एवं आलू चिप्स शामिल थे। मंदिर परिसर में करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

**निगम कांके डैम के संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए चला रहा विशेष अभियान**

# हटाये जा रहे कांके डैम में जमे जलकुंभी व गाद

रांची। राजधानी रांची के महत्वपूर्ण जल स्रोतों में शामिल कांके डैम के संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर रांची नगर निगम की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

विगत दिनों नगर आयुक्त की ओर से वार्ड संख्या-01 स्थित कांके डैम क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किए जाने के बाद दिए गए निर्देशों के आलोक में निगम की विभिन्न शाखाओं की ओर से समन्वित रूप से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में स्वच्छता शाखा एवं ट्रांसपोर्ट शाखा की संयुक्त टीम कांके डैम में जमे जलकुंभी, गाद एवं अन्य अवांछित पदार्थों को हटाने के लिए विशेष सफाई अभियान संचालित कर रही है। अभियान के तहत डैम में पोकलेन मशीन और वीड हार्वेस्टिंग मशीन को उतारा गया है।



इन अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से जलाशय में फैली जलकुंभी को हटाने और तल में जमा गाद की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इससे न केवल जलाशय की स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि इसकी जलधारण क्षमता को भी संरक्षित एवं सुदृढ़ किया जा सकेगा।

साथ ही, डैम के तटवर्ती क्षेत्रों में उगी झाड़ियों एवं अनियंत्रित घासों की व्यापक कटाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र की साफ-सफाई बेहतर होने के साथ-साथ सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। अभियंत्रण शाखा की ओर से भी कांके डैम के संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं।

पोकलेन मशीन के माध्यम से निकाले गए गाद का उपयोग कैचमेंट एरिया में अस्थायी पाथ-वे (पैदल मार्ग) निर्माण के लिए किया जा रहा है। इस पहल से डैम क्षेत्र में आने वाले नागरिकों के लिए एंड-टू-एंड एक्सेसिबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, डैम में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों की पहचान कर उनके निराकरण की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य कांके डैम में ड्रेनों के पानी के प्रत्यक्ष प्रवाह को रोकना और जलाशय में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है। भविष्य में स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के लिए भी आवश्यक योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

रांची नगर निगम का उद्देश्य कांके डैम को एक स्वच्छ, संरक्षित और प्रदूषणमुक्त जलाशय के रूप में विकसित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस महत्वपूर्ण जल स्रोत को सुरक्षित रखा जा सके। निगम जलाशयों के संरक्षण को लेकर निरंतर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई कर रहा है।

रांची नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक, निर्माण मलबा अथवा तरल अपशिष्ट जलाशयों, नालों एवं जल स्रोतों में प्रवाहित न करें।

# बालू माफियाओं के खिलाफ धुरकी पुलिस का बड़ा एक्शन, दो वाहन जब्त



बंशीधर न्यूज

**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुये बालू माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सीओ के निर्देश तथा खनन विभाग से प्राप्त पत्राचार के आलोक में थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में रविवार की अहले सुबह विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक टिप्पर और एक ट्रैक्टर को धर दबोचा। दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर धुरकी थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुये अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा संबंधित विभागों को भी इसकी सूचना भेज दी गई है। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध खनन, खनिज संपदाओं की चोरी और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा और आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुये ऐसे अभियान लगातार चलाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## सियासत आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने युवाओं से कहा

# झारखंड को नई दिशा देने के लिए उलगुलान की जरूरत

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** आजसू पार्टी सुप्रीमो एवं प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के विकास, सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन के लिए युवाओं के एक नए उलगुलान की आवश्यकता है। युवा और छात्र ही किसी राज्य तथा देश की दिशा और दशा बदलने की क्षमता रखते हैं। अलग झारखंड राज्य के निर्माण में भी युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही थी। वे रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय एक दिवसीय युवा आजसू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उस मौके पर श्री महतो ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही जनहित के मुद्दों और व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को धार दे सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत से लेकर लोकसभा तक आजसू के प्रतिनिधियों को चुनकर भेजने के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। महिलाएं और बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं, जबकि भ्रष्टाचार ने शासन व्यवस्था को जकड़ रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागों में वर्षों से रिक्त पड़े पदों को भरने में सरकार गंभीर नहीं है, जिससे लाखों शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि अलग झारखंड राज्य संघर्ष की बदौलत मिला था और अब युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भी पार्टी संघर्षरत है। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि युवा आजसू गांव-गांव तक संगठन विस्तार और युवाओं को जोड़ने के अभियान में जुटी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के समग्र विकास के लिए आजसू एक मजबूत और बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व अन्य पार्टी नेताओं ने सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में कार्यकारी जिला अध्यक्ष तुलसी शुक्ला, चंद्रशेखर सिंह उर्फ छोटू, इम्तेयाज अहमद नजमी, विनोद कुमार, शिवशंकर प्रसाद, बबलू गुप्ता, संतान मेहता, प्रदीप पांडे, लवलेश सिंह, वसीम खान, संजू सिंह, विजय मेहता, राहुल मिश्रा, मुकेश यादव, रवींद्र ठाकुर, राजेंद्र राम, पप्पू यादव, हिमांशु रंजन, विनीत शुक्ला राणा हिमांशु सिंह, राज दुबे, अक्षत सिंह, नंदन कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आजसू छात्र संघ के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक राज ने किया।




## पलामू पहुंचे सुदेश महतो का शानदार स्वागत



**मेदिनीनगर :** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के पलामू पहुंचने पर आजसू कार्यकर्ताओं ने शानदार स्वागत किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में रविवार को चियांकी में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्वागत कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अपने लोकप्रिय नेता के प्रति उत्साह और समर्पण का परिचय दिया। चियांकी स्थित पार्क के समीप सुबह से ही कार्यकर्ता पार्टी सुप्रीमो के स्वागत के लिए जुटे हुए थे। जैसे ही सुदेश महतो का काफिला पहुंचा, पूरा क्षेत्र सुदेश महतो जिंदाबाद और आजसू पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने फूलमाला और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत एवं केंद्रीय महासचिव संजय मेहता का भी गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### न्यूज अपडेट्स

## मेराल से मैट्रिकुलेट लड़का गुम, मां का रो रोकर बुरा हाल



**मेराल :** थाना मुख्यालय के पुरवारा टोला निवासी ललिता देवी पति संतोष महतो के 17 वर्षीय मैट्रिकुलेट लड़का विशाल कुमार बीते 3 जून से लापता है। घर से निकलते समय वह काला शर्ट, नीला जींस और उजला जूता पहने तथा पीठ पर स्कूल बैग लिया हुआ था। बेटा के खोजबीन में मां का रो रोकर बुरा हाल है। बहुत खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर मां ललिता देवी ने अपने पुत्र विशाल कुमार के गुमशुदगी का सन्हा मेराल थाना में दर्ज करते हुये थाना प्रभारी से अपने पुत्र का पता लगाने की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार विशाल 3 जून को लगभग दोपहर 3 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा है। विशाल का मोबाइल बंद है। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवक किसी अज्ञात कारण से लापता हो गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से विशाल की शीघ्र खोजबीन कर सकुशल बरामदगी की मांग की है। परिजनों ने आम लोगों से भी उपरोक्त हुलिया का लड़का को देखने पर निकटतम थाना अथवा 7857841808 पर परिजन को बताने का आग्रह किया गया है।

## बीडीओ को बंधक बनाने के मामले में दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर

**उंटारी रोड :** पलामू जिले का चर्चित मामला उंटारी के करकटा में बीडीओ सह सीडीपीओ को पांच घंटे से अधिक समय तक गांव में घेर कर रखने के मामले में दोनों ओर से प्राथमिकी कराई गई है। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि करकटा गांव में सहायिका के चयन के लिये 5 जून को ग्रामसभा कराने गई नावाबाजार के बीडीओ सह विश्रामपुर के प्रभारी सीडीपीओ रेणु बाला को चयन प्रक्रिया में हुई वाद विवाद के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया था। काफी मशक्कत के बाद तो उन्हें चंगुल से मुक्त कराया गया था। उक्त मामले में बीडीओ ने छह नामजद सहित करीब 30-40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने व बेवजह बंधक बनाने का आरोप लगाते हुये प्राथमिकी कराई है। जबकि करकटा की बबिता देवी ने बीडीओ रेणु बाला, सुपरवाईजर शिमला सिंह, एकतानाथ व ज्योति कुमारी सहित अन्य दो के विरुद्ध मारपीट करने व ग्रामसभा के दौरान अभद्र व्यवहार करने की प्राथमिकी कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

## बाईक दुर्घटना में युवक की मौत



**श्री बंशीधर नगर :** फोरलेन सड़क से सर्विस लेन में उतरने के दौरान नरखोरिया गांव के निकट रविवार को हुई बाईक दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी 34 वर्षीय सोनू राम पिता बिंदु राम के रूप में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू राम दिन में करीब 2 बजे श्री बंशीधर नगर थाना के जमुआ गांव स्थित अपने मामा के घर से जंगीपुर गांव स्थित अपनी मौसेरी बहन के घर बाईक से आ रहा था। श्री बंशीधर नगर-धुरकी मुख्य मार्ग में आने के लिये फोरलेन सड़क से सर्विस लेन में बाईक से सोनू उतर रहा था। बाईक की गति इतनी तेज थी कि ब्रेकर पर बाईक से सोनू का नियंत्रण हटा और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सोनू को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। वहीं बाईक को जब्त कर मामले की जांच में जुट गई। मृतक के स्वजनों के चीत्कार से अनुमंडल अस्पताल में उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई, स्वजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

## बोलोरो के धक्के से टैंपो चालक घायल

**मेराल :** थाना क्षेत्र के बौराहा गांव निवासी किशन पासवान का पुत्र अनिल पासवान बोलोरो के धक्का से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में घायल अनिल ने बताया कि वह रमना से अपने टैंपो से श्री बंशीधर नगर जा रहा था। इस दौरान रमना से आगे परसवान गांव के समीप सामने से आ रही बोलोरो ने उसके टैंपो में टक्कर मार दिया। घटना के बाद आस पास के लोगो के सहयोग से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## क्षत्रीय गौरव एकता मंच की बैठक में रामपुर की घटना की सरकार एवं प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग

**रमना :** क्षत्रीय गौरव एकता मंच रमना प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को प्रखंड के कोरगा स्थित अवधूत भगवान राम आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में पलामू जिले के रामपुर में भूमि विवाद को लेकर घटी घटना पर चर्चा करते हुये सरकार एवं प्रशासन से निष्पक्ष, नियमसंगत और उचित कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि रामपुर की घटना में प्रभावित क्षत्रीय परिवार को अपेक्षित न्याय नहीं मिल सका है। वक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की आवश्यकता बताई। साथ ही समाज के लोगों ने घटना के संबंध में आगे की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ विक्की सिंह ने की। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, निर्तेंद्र कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, ज्ञानु सिंह, रंजन सिंह, पिंटू सिंह, राजेश कुमार सिंह, अमित सिंह, अखिलेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में समाज की एकजुटता बनाये रखने और न्याय की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से उठाने का निर्णय लिया गया।

## गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन परिसर में लगा गंदगी का अंबार, यात्रियों को हो रही है परेशानी

# सफाईकर्मियों की कमी से है गंदगी : एचआई

वेणुगोपाल



**गढ़वा रोड :** सीआईसी सेक्शन के प्रमुख रेलवे स्टेशन जहां से न सिर्फ आसपास के हजारों लोग रेल यात्रा शुरू करते हैं बल्कि चार राज्यों के यात्री गढ़वा रोड जंक्शन से अपनी रेल यात्रा शुरू करते हैं। इनदिनों वह इसलिये चर्चा में नहीं है कि वहां से चार राज्यों के यात्री अपनी रेल यात्रा की शुरूआत करते हैं बल्कि इसलिये चर्चा में है कि इनदिनों स्टेशन परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ रहता है। यात्री नाकों पर रुमाल रखकर वॉश रूम की ओर जाते हैं। इतना ही नहीं लावारिस पशुओं को भी प्लेटफार्म पर हमेशा इधर उधर घूमते देख सकते हैं। हेल्थ इंस्पेक्टर एस अंसारी ने बताया कि इनदिनों सफाईकर्मियों की बड़ी कमी हो गयी है जिससे नियमित सफाई नहीं हो पा रहा है। छह सफाईकर्मियों की जगह मात्र एक सफाईकर्मी है जिससे सफाई कार्य नहीं हो पा रहा है। जबकि वहां उपस्थित लोगों का कहना है कि सफाई का ठेकेदार मजदूरी का पैसा बचाने के फिराक में कम मजदूर रखा है। जिससे स्टेशन व प्लेटफार्म परिसर में गंदगी पसरा हुआ रहता है। उक्त स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव है। जिससे हरेक समय यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। इतना ही नहीं गढ़वा रोड में प्रमंडल का ही नहीं बल्कि सूबे का बिरला ग्रुप का एकलौता कॉस्टिक प्लांट भी संचालित है। वहां के अधिकारियों व कर्मियों का लगातार उक्त स्टेशन से आना जाना लगा रहता है। बावजूद उक्त स्टेशन व उसके परिसर में गंदगी पसरा हुआ है। कई यात्रियों ने इसकी शिकायत रेल के आलाधिकारियों से कर इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उधर, एसएस सतीश कुमार ने कहा कि पहले देखरेख में स्टेशन प्रबंधक भी रहते थे। अब स्टेशन प्रबंधक को उस कमेटी में नहीं रखा गया है जिससे सफाई मनमाने तरीके से हो रहा है। उन्होंने भी स्वीकार किया कि अभी कुछ दिनों से स्टेशन परिसर में काफी गंदगी बिखरी हुई रहती है। जिससे यात्रियों की परेशानी हो रही है।

# शहर को जाममुक्त बनाने में प्रशासन विफल रहा तो हाईकोर्ट में दायर होगी पीआईएलः आनंद शंकर



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शहर की लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो जनहित में उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर की जाएगी। यह निर्णय चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में होटल ज्योतिलोक के सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक मे आनंद शंकर ने कहा कि मेदिनीनगर की ट्रैफिक व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण, अनियंत्रित ठेले, अव्यवस्थित पार्किंग और संकरी होती सड़कें आम नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बाजार क्षेत्र में आग लग जाए या किसी मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जरूरत पड़े तो जाम की स्थिति बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। चैंबर अध्यक्ष ने झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा को मेदिनीनगर में ट्रैफिक थाना खोलने की घोषणा के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे शहर के यातायात प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री स्तर से जल्द स्वीकृति मिलने के बाद ट्रैफिक थाना कार्य करना शुरू करेगा। बैठक में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिंकू दुबे ने बाजार समिति की अनुपयोगी भूमि पर आधुनिक राज्य एवं अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने का सुझाव दिया। उनका कहना था कि इससे शहर में बसों के अनियोजित परिचालन पर नियंत्रण होगा और जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। चैंबर के महासचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर को रेडमा चौक क्षेत्र में अवैध वसूली बंद कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से व्यापारियों और आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने नो-वेंडर जोन की पहल और फुटपाथ विक्रेताओं के पुनर्वास की योजना को भी सराहनीय बताया। बैठक में कृष्ण अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, विनय सिंह, अमित जायसवाल, विजय ओझा, राकेश सोनी, आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। अंत में हाल के दिनों में दिवंगत हुए कई व्यवसायियों एवं सामाजिक व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

## न्यूज अपडेट्स

### मानसिक तनाव से परेशान युवती ने की आत्महत्या

**गढ़वा :** मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतका की पहचान बाना गांव निवासी साबिर अंसारी की 25 वर्षीय पुत्री सायरा खातून के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि सायरा की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। विवाह के लगभग एक वर्ष बाद पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण दोनों का तलाक हो गया था। तलाक के बाद से ही सायरा मानसिक तनाव में रहने लगी थी। परिजनों के अनुसार शनिवार देर रात सायरा ने घर के अंदर बने पिलर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उसे फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया और इसकी सूचना तुरंत मेराल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि सायरा खातून की एक दो वर्षीय बेटी भी है, जो अब अपनी मां के साये से वंचित हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मेराल — एसडीओ ने आपन सरस्वतिया अभियान की प्रगति पर जताई खुशी

# नदी सफाई व चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** सदर एसडीएम संजय कुमार ने प्रखंड मुख्यालय में प्रशासन और जनसहयोग से संचालित आपन सरस्वतिया अभियान के आठवें दिन रविवार को नदी सफाई एवं चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभियान की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कार्य का नेतृत्व कर रहे सीओ यशवंत नायक तथा अभियान को सफल बनाने में जुटे सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की खुलकर प्रशंसा की। एसडीओ ने कहा कि मेराल प्रखंड मुख्यालय से होकर गुजरने वाली सरस्वतिया नदी की लंबाई लगभग साढ़े तीन किलोमीटर है, जिसमें करीब 60 प्रतिशत सफाई एवं चौड़ीकरण कार्य जनसहयोग से पूरा किया जा चुका है। शेष कार्य अगले सप्ताह तक पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से उपेक्षित और अस्तित्व खोती जा रही सरस्वतिया नदी इस अभियान के बाद पुनः अपने स्वरूप में लौट जायेगी। सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक ने अभियान में सहयोग देने वाले समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिना किसी सरकारी खर्च के जनसहयोग से इतना बड़ा कार्य किया जाना क्षेत्र के लिये गौरव की बात है। साथ ही उन्होंने उन लोगों से भी अभियान से जुड़ने और सहयोग करने की अपील की, जिन्होंने अभी तक अपना योगदान नहीं दिया है। अभियान से जुड़े संजय भगत ने कहा कि एसडीएम की प्रेरणा और सीओ के नेतृत्व में सरस्वतिया नदी का जो कायाकल्प हो रहा है, उसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने भी अधिकारियों तथा अभियान में सहयोग कर रहे लोगों के प्रयासों की सराहना की। रविवार को अभियान में प्रतिदिन की भांति सीओ की ओर से एक जेसीबी उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, करकोमा मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, एमओ शशि कुमार कश्यप तथा नवजीवन हॉस्पिटल की ओर से भी एक-एक जेसीबी मशीन लगाई गई। अभियान में सहयोग करने वालों में डॉ दीपक यादव, धनंजय चौधरी, विजय प्रसाद, विनोद कुमार कुशवाहा, मदन यादव, सुनील कुमार, नाथुन राम, प्रेमचंद प्रसाद, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार कालिया, प्रमोद महाजन, विनोद प्रसाद, सुरेकश बैठा, सतीश गुप्ता, शिवनाथ गुप्ता, अमृत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा



**उंटारी रोड :** पुलिस ने रविवार को मारपीट के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के भदुमा गांव में आपसी विवाद को लेकर शनिवार को मारपीट हुई जिसमें गोलू तिवारी नामक युवक को सिर में गंभीर चोट आई थी। आरोप है कि राधेश्याम दीक्षित लोहे की रॉड से गोलू तिवारी के सिर पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। घायलावस्था में उसे रेफरल अस्पताल मंझिआंव भर्ती कराया गया था जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है। घायल युवक ने राधेश्याम दीक्षित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी राधेश्याम दीक्षित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## परिजनों ने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने तक विवाह नहीं करने का दिया लिखित आश्वासन

# बीडीओ व थाना प्रभारी ने रोकवायी नाबालिग की शादी

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रखंड क्षेत्र के ओखरगाड़ा पंचायत अंतर्गत पचफेड़ी गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवा दिया। यह कार्रवाई बाल संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और कानून के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार बाल कल्याण समिति गढ़वा को लिखित शिकायत मिलने के बाद सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक व थाना प्रभारी विष्णुकांत रविवार सुबह पुलिस बल के साथ पचफेड़ी गांव पहुंचे। अधिकारियों ने लड़की के विद्यालय के प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की, जिसमें उसकी उम्र विवाह योग्य नहीं पाई गई। अधिकारियों ने परिजनों को बताया कि नाबालिग की शादी कराना बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। प्रशासन द्वारा समझाने और सख्ती के बाद लड़की के पिता ने लिखित रूप से आश्वासन दिया कि बेटी की उम्र 18 वर्ष पूरी होने के बाद ही उसका विवाह किया जायेगा। इसके साथ ही शादी के लिये बनाया गया मड़वा आदि भी हटवा दिया गया। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने में सभी लोग सहयोग करें। बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समाज को जागरूक होकर बेटियों की शिक्षा और उनके सुरक्षित भविष्य को प्राथमिकता देनी चाहिये। यह कार्रवाई क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा पलामू जिला अधिवक्ता संघ का नया भवन : अजय पांडेय



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के नए भवन निर्माण की दिशा में शनिवार को पुराने संघ भवन को ध्वस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया। संघ परिसर में पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में भवन तोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। मौके पर संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष बिनोद कुमार तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय, संतोष कुमार तिवारी, जय किशोर पाठक, देव कुमार शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे। महासचिव अजय कुमार पांडेय ने बताया कि पुराने भवन के स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया अधिवक्ता संघ भवन बनाया जाएगा। इसमें आधुनिक पुस्तकालय, मीटिंग हॉल, कार्यालय कक्ष, बेहतर बैठने की व्यवस्था तथा अधिवक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि नया भवन अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेगा। साथ ही संवेदक को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में बेहतर कार्य के लिए डीएसपी राजेश यादव सम्मानित




**मेदिनीनगर :** नवनिर्माण शक्ति संघ ने क्षेत्र में महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और पुलिस जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए एसडीपीओ राजेश कुमार यादव को सम्मानित किया। संघ की अध्यक्ष स्नेहा ओझा ने कहा कि हाल के दिनों में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस की सक्रियता का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि नए एसपी और एसडीपीओ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना बढ़ी है। संघ की महिला सदस्यों ने कहा कि अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान सराहनीय हैं। पुलिस प्रशासन की तत्परता और जनसहयोग से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता के हित में कार्य करती रहेगी। एसडीपीओ राजेश यादव ने नवनिर्माण शक्ति संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग ही सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में आम नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध संबंधी सूचना मिलने पर लोगों को तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मौके पर चंद्रप्रकाश ओझा, खुशबू वर्मा, प्रिया सिंह, रूपा पांडेय, इंदु मेहता सहित नवनिर्माण शक्ति संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

## बाईक दुर्घटना में दो घायल


**गढ़वा :** शहर के कल्याणपुर हाईवे ओवर ब्रिज पर हुई बाईक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी ताहिर अंसारी का पुत्र इजमामुल अंसारी व जाटा गांव निवासी कोदू महतो का पुत्र पवन मेहता के नाम शामिल है। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिये पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में परिजनो ने बताया कि पवन आईसक्रीम का ठेला लेकर कल्याणपुर ओवर ब्रिज के पास आईसक्रीम बेच रहा था। इस दौरान बाईक पर सवार इजमामुल अंसारी ने उसके ठेला में जोरदार धक्का मार दिया। घटना के बाद पवन मेहता व इजमामुल अंसारी दोनों घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पवन की गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



# डेजी शाह की नई फिल्म में दिखेगा वर्दी वाला अंदाज


अभिनेत्री डेजी शाह जल्द ही अपनी नई फिल्म 'डीजीपी कश्मीर' में एक आईपीएस अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आएंगी। इम्तियाज भट्ट के निर्देशन में बन रही यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और कश्मीर में तैनात सुरक्षाकर्मियों के साहस, समर्पण और बलिदान की कहानियों को बड़े पर्दे पर पेश करेगी। फिल्म का उद्देश्य उन गुमनाम नायकों को सम्मान देना है, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश की सेवा की है। अपने किरदार को लेकर डेजी शाह ने कहा कि यह उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक है। उन्होंने बताया, मैंने पहले पर्दे पर एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई है, लेकिन पहली बार एक आईपीएस अधिकारी का किरदार निभाने जा रही हूं। यह मेरे लिए एक नया अनुभव और बड़ी जिम्मेदारी है। डेजी का मानना है कि इस किरदार के जरिए उन्हें एक मजबूत और प्रेरणादायक व्यक्तित्व को पर्दे पर जीवंत करने का अवसर मिला है। फिल्म की तैयारी के लिए डेजी विशेष एक्शन ट्रेनिंग भी ले रही हैं। राष्ट्रीय स्तर की शूटर रह चुकीं अभिनेत्री अपने इसी अनुभव का उपयोग फिल्म के एक्शन दृश्यों में कर रही हैं। जुलाई से शुरू होने वाली इस फिल्म की शूटिंग को लेकर निर्देशक इम्तियाज भट्ट भी उत्साहित हैं। कश्मीर में पले-बढ़े भट्ट का कहना है कि वह दर्शकों तक उन सच्ची कहानियों की भावनात्मक और मानवीय ताकत पहुंचाना चाहते हैं, जिन्हें अक्सर दुनिया नहीं देख पाती। वहीं डेजी को उम्मीद है कि उनका अभिनय इन बहादुर सुरक्षाकर्मियों की कहानियों को पूरी ईमानदारी और सम्मान के साथ दर्शकों तक पहुंचाएगा।

# झारखंड की शॉर्ट फिल्म नो मोर वॉर को अंतरराष्ट्रीय पहचान




**रांची।** झारखंड के फिल्मकारों के लिए गर्व की बात है कि नौरस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म नो मोर वॉर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फिल्म का चयन प्रतिष्ठित विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कोलकाता और श्रीलंका इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से राज्य की फिल्म प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। फिल्म के लेखक और निर्देशक अमित अक्षत ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तहत फिल्म का प्रदर्शन 21 जून को कोलकाता के साइंस सिटी में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्मकार के लिए अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अपनी कृति का चयन होना बड़ी उपलब्धि होती है और यह फिल्म की विषयवस्तु की प्रासंगिकता को भी दशार्ता है। अमित अक्षत के अनुसार, नो मोर वॉर का मूल उद्देश्य युद्ध, हिंसा और संघर्ष की मानसिकता के विरुद्ध शांति, प्रेम और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह विषय और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्हें उम्मीद है कि फिल्म का संदेश अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगा और लोगों को शांति तथा सह-अस्तित्व के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करेगा।

# इजराइल के हवाई हमले में लेबनान के सैन्य प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल रुडोल्फ हैकल समेत 12 की मौत



# विद्यार्थी परिषद् ने देश में सांस्कृतिक व राष्ट्रीय चेतना का माहौल बनाया : आंबेकर




**शिमला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि छात्रों ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए राष्ट्र जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। छात्रों को राष्ट्र हित में एक जुट करने का कार्य अपनी स्थापना काल से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् करता रहा। जिन मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद वर्षों से जनजागरण कर रही थी, उनमें से कई आज वास्तविकता बन चुके हैं। सुनील आंबेकर अ. भा. विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा रविवार को आयोजित स्मृति 2026-वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

आंबेकर ने विद्यार्थी परिषद् के आंदोलनों और मांगों के बारे कहा कि धारा 370 को हटाने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही थी और आज यह हट चुकी है। कश्मीर में आतंकवाद समाप्ति के कगार पर है तथा पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर मिजोरम में भी परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यों का प्रभाव समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि एक समय पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में नक्सलवाद का व्यापक प्रभाव था, लेकिन विद्यार्थी परिषद ने जागरूकता और वैचारिक संघर्ष के माध्यम से इस विचारधारा को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोकने का कार्य किया। सकारात्मक वातावरण निर्माण में परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रखना होगा। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का उल्लेख करते हुए आंबेकर ने कहा कि इसका मूल उद्देश्य देश के सांस्कृतिक प्रतीकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना था। इस आंदोलन ने देश में व्यापक सांस्कृतिक जागरण का कार्य किया, जिसके प्रभाव को समझने से अनेक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। आंबेकर ने अमरनाथ यात्रा और बालटाल भूमि आंदोलन का उदाहरण देते हुए कहा कि जब समाज किसी विषय पर एकजुट होता है तो उसके समाधान का मार्ग भी सहज हो जाता है। उन्होंने कहा कि देश में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह बहुत पुराना नहीं है बल्कि समाज और राष्ट्रवादी संगठनों के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज भारत माता की जय का उद्घोष पूरे देश में सहज रूप से सुनाई देता है। विद्यार्थी परिषद के लिए यह कार्य विशेष महत्व का रहा क्योंकि संगठन युवाओं के बीच कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पहले भारत की बात करने पर प्रश्न उठाए जाते थे, जबकि आज समाज अपेक्षा करता है कि राष्ट्रीय विषयों पर संगठन और अधिक सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि भारत के पास जब भी शक्ति आई है, उसका उपयोग मानवता और समाज के कल्याण के लिए हुआ है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत को अपनी सोच और दृष्टिकोण के अनुरूप गति तेज करनी होगी, तभी वह विश्व को नेतृत्व प्रदान कर सकेगा। इसके लिए स्वयं से शुरूआत करनी होगी। समाज में परिवर्तन दूसरों से अपेक्षा करने से नहीं, बल्कि स्वयं बदलाव लाने से शुरू होता है। जब कोई सकारात्मक प्रयास सफल होता है तो पूरा समाज उसका अनुसरण करता है।

# हल्की बारिश में प्रशासन के दावों की खुली पोल, सड़क तालाब में तब्दील



**रमना :** अभी तो मानसून की पूरी बरसात बाकी है, लेकिन पहली कुछ हल्की फुहारों ने ही प्रशासन और जल निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी है। रमना के मुख्य पथ पर शहीद भगत सिंह चौक और रमना बस स्टैंड के मध्य सब्जी बाजार के सामने की सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों का चलना मुश्किल हो गया है। सब्जी बाजार के सामने मुख्य सड़क पर पानी की निकासी न होने के कारण पूरा मार्ग दलदल बन चुका है। बाजार आने वाले ग्राहकों और राहगीरों को इसी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बाईक सवार और पैदल यात्री इस कीचड़ में फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि दुकान के ठीक सामने जलजमाव होने से उनका व्यवसाय भी पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। स्थानीय नागरिकों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि अभी तो बरसात की शुरूआत भर है और पूरी बरसात अभी बाकी है। अगर शुरूआती दिनों में ही सड़क का यह हाल है, तो आने वाले भारी मानसून में स्थिति कितनी भयावह होगी, इसकी कल्पना करके ही लोग सिहर उठते हैं। ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि यदि प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा समय रहते जल निकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो यह मुख्य मार्ग पूरी तरह से टूटकर खंडहर में तब्दील हो जायेगा। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है और इस व्यस्त मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो सकता है। स्थानीय प्रबुद्धजनों और व्यापारियों ने प्रशासन से अविलंब इस समस्या का संज्ञान लेने और पानी बहाव के लिये नाले की सफाई व समुचित निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है, ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

# कुछ महीनों में नेपाल व भारत के बीच हो सकते हैं उच्चस्तरीय दौरे : खनाल



**काठमांडू।** तीन दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा पूरी कर रविवार दोपहर काठमांडू लौटे नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा है कि आने वाले कुछ महीनों में नेपाल और भारत के बीच उच्चस्तरीय दौरों का आदान-प्रदान हो सकता है। भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री खनाल ने भारत के विदेश मंत्री डा एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बातचीत में व्यापार, निवेश, आधारभूत संरचना, संपर्क (कनेक्टिविटी), ऊर्जा तथा जन-से-जन संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। काठमांडू लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में खनाल ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच आगामी उच्चस्तरीय दौरों की संभावना पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा, नेपाल और भारत दोनों देशों की ओर से अगले कुछ महीनों के भीतर उच्चस्तरीय यात्राएं हो सकती हैं। इसके लिए आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हो चुकी है। विदेश मंत्री ने बताया कि उनकी बैठकों के दौरान सीमा संबंधी मुद्दे, विशेषकर लंबे समय से लंबित सीमा विवाद, भी चर्चा के प्रमुख विषय रहे। खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई वार्ता में इस विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। खनाल ने कहा कि नेपाल ने पहले भी कूटनीतिक माध्यम से लिपुलेख-कालापानी क्षेत्र के रास्ते मानसरोवर यात्रा मार्ग खोले जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी, क्योंकि नेपाल इस क्षेत्र को अपना भूभाग मानता है।उनके अनुसार, दोनों देशों ने सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए कूटनीतिक संवाद और मौजूदा द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की है। इसमें सीमांकन से जुड़े मामलों के समाधान हेतु क्षेत्रीय स्तर पर सर्वेक्षण कार्य को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है।

## एनयूजेआई के पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों के ज्वलंत मुद्दों, फर्जी पत्रकार एवं फर्जी पत्रकार संगठनों पर कार्रवाई को लेकर हुआ गंभीर मंथन

# लोकतंत्र के लिए मीडिया की निष्पक्षता जरूरी : केशव प्रसाद मौर्य

बंशीधर न्यूज

**आगरा :** मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया लोकतंत्र की प्राणवायु है। देश में लोकतंत्र के लिए मीडिया की निष्पक्षता होनी जरूरी है। तभी पत्रकारिता एवं पत्रकार समाज मजबूत हो सकेंगे। यह विचार रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के दो दिवसीय राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता का स्वरूप बदला है। एक नई पीढ़ी के लोग मोबाइल लेकर मैदान में आ रहे है। ऐसे लोग सिर्फ अपना एजेंडा चलाते हैं। उन्हें वास्तविक पत्रकारिता से कोई लेना देना नहीं है। ऐसी पत्रकारिता करने वाले लोगों से बचना होगा। उन्होंने इस बात की भी चिंता जताई कि अनेक मीडिया हाउस व्यापारिक घरानों के अधीन है।



ऐसे में पत्रकारिता एवं पत्रकारों पर कई तरह की बंदिशे होने लगी है। फिर भी देश में पत्रकारिता सकारात्मक दिशा में है। सरकार पत्रकार के हितों एवं मीडिया की मजबूती के लिए हर संभव मदद करेगीं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने भी फजी पत्रकारों एवं फर्जी पत्रकार संगठनों को लेकर जो चिंता जताई है, उस पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। पत्रकार समाज की मांगों का समाधान करवाया जाएगा। मौर्य ने कहा कि आज दुनिया वैश्विक ऊर्जा के संकट से जूझ रही है लेकिन हमारा देश इसके सामने मजबूती से खड़ा हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की बातें हो रही है। मीडिया में आपातकाल ज्यादा दिखाई दे रहा है। पत्रकारों की मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। रास बिहारी ने कहा कि पहले राजनीति पर सवाल उठते थे लेकिन अब पत्रकारों पर सवाल उठ रहे हैं जो चिंता का विषय है। सरकार फर्जी पत्रकार एवं फर्जी संगठनों की जांच करवाए। इस दौरान एनयूजेआई के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, यूपी एनयूजेआई के अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे ने दो दिवसीय सम्मेलन के बारे में बताया। राजस्थान, बिहार, दिल्ली, उत्तराखंड समेत देश के सभी राज्यों के पदाधिकारी ने अपने राज्यों की गतिविधियों की जानकारी दी। आगामी चुनाव कार्यक्रम, स्कूल कार्यकारिणी के गठन के बारे में बताया। बैठक में अरविंद सिंह, राकेश थपलियाल, राजीव नयनम, दधिबल यादव, अनिल पांडेय, अशोक किंकर, राकेश शर्मा, संजय तलवार समेत देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)